षक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी।

सेवा में,

✓ तहसीलदार

सदर गाजीपुर

पत्रांक एन0ओ0सी0 / 17879-82 /2011–12 दिनांक 29/3/2012

विषय :– सी0बी0एस0ई0 / आई0सी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने विषयक प्रकरण में भूमि सत्यापन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक के सम्बध में सूच्य है कि सी0बी0एस0ई0 / आई0सी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने विषयक प्रकरण में मा0 आयुक्त वाराणसी मण्डल की अध्यक्षता में गठित समिति जिसमें जनपदो के जिलाधिकारी महोदय एवं जनपदो के जिला विद्यालय निरीक्षको की उपस्थिति में समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अनापत्ति दिये जाने के पूर्व सम्बन्धित विद्यालय के भूमि का सत्यापन सम्बन्धित तहसीलदार से करा लिया जाय।

उपरोक्त निर्णय के सम्बन्ध में विद्यालय सनबीम स्कूल महराजगंज गाजीपुर द्वारा भूमि से सम्बन्धित जो अभिलेख इस कार्यालय को प्राप्त कराये गये है, उसकी छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि आप **सम्बन्धित विद्यालय का सत्यापन इस आशय से करे कि (विद्यालय / सोसाइटी) के नाम सी0बी0एस0ई0 विद्यालय को न्यूनतम 6075 वर्गमीटर शहर / देहात तथा आई0सी0एस0ई0 विद्यालयो को न्यूनतम 4050 वर्गमीटर भूमि 30 वर्ष के लिए रजिस्टर्ड लीजडीड के रूप में उपलब्ध हो एवं विद्यालय भवन भी उसी भूमि पर निर्मित हो तथा इस आशय का भी उल्लेख किया जाय कि सम्पूर्ण भूमि एवं भवन एक ही परिसर में उपलब्ध है।**

सम्बन्धित प्रकरण अति महत्वपूर्ण एवं आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार निर्देशित एवं समयबद्ध है। अतः अनुरोध है कि सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए सम्बन्धित विद्यालय के भूमि / भवन के सम्बन्ध में सत्यापन आख्या अपने कार्यालय पत्र के माध्यम से तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **अपनी आख्या में सम्पूर्ण भूमि वर्गमीटर में उल्लिखित करने का कष्ट करें।**

भवदीय

(अखिलेश पाण्डेय)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

राजस्व निरीक्षक
क्षेत्र - नगर
कृपया जांच कर
आख्या दें।
तहसीलदार
गाजीपुर

पृ0सं0 एन0ओ0सी0 / /2011–12 तददिनांक

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 आयुक्त वाराणसी मण्डल वाराणसी।
2. जिलाधिकारी गाजीपुर
3. प्रबन्धक / प्रधानाचार्य सम्बन्धित विद्यालय

(अखिलेश पाण्डेय)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
वाराणसी मण्डल वाराणसी

Director
Sunbeam School
Maharajganj-Ghazipur

Sunbeam School Maharajganj Ghazipur

Principal
Sunbeam School
Maharajganj-Ghazipur